बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना–800 001
(पंजीयन सं०–633/2003)

Website: basabihar.in , E-mail Id : infobasa1@gmail.com

अध्यक्ष,
*सुरेश कुमार शर्मा
मो० 9473191199, 9431479774

महासचिव,
*सुशील कुमार
मो० 9431091417

उपाध्यक्ष :- * सआदत हसन मिन्टो
* रावेन्द्र राम
संयुक्त सचिव:- * राजचन्द्र चार्डियार
* अनिल कुमार
कोषाध्यक्ष:- * चन्द्र शेखर सिंह
संयुक्त कोषाध्यक्ष:- * विनोद आनन्द

पत्रांक :......19......

दिनांक ......16/5/15......

सेवा में,

मुख्य सचिव,
बिहार, पटना।

विषय :– जिला पदाधिकारी के पद पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन करने के संबंध में।

महाशय,

उपरोक्त विषयक दिनांक –29.03.1999 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी की उपस्थिति में बिहार प्रशासनिक सेवा की केन्द्रिय कार्यकारिणी के साथ वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया था कि "जिला पदाधिकारी के पाँच पदो को आई0ए0एस0 के अतिरिक्त बिहार प्रशासनिक सेवा के पद से भरा जायेगा।" उक्त बैठक में तत्कालीन मुख्य सचिव श्री विजय शंकर दुबे के अतिरिक्त वित्त आयुक्त एवं गृह सचिव भी उपस्थित थे। (निर्णय की प्रति संलग्न)। पुनः दिनांक 27.10.2000 को तत्कालीन मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी की उपस्थिति में उपरोक्त पर अनुपालन करने का निर्णय हुआ (प्रति संलग्न)। परन्तु अब तक इसका अनुपालन हुआ है। मुख्यमंत्री स्तर पर हुए निर्णय का अनुपालन न होना निराशाजनक है। कई राज्यों यथा .उड़ीसा, बंगाल, मिजोरम, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, जम्मु एण्ड काश्मीर, असम में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन जिला पदाधिकारी के रूप में किया जाता है। (प्रति संलग्न)।

उपरोक्त के आलोक में संघ का भवदीय से विनम्र निवेदन है कि बिहार प्रशासनिक सेवा के संयुक्त सचिव/अपर सचिव स्तर के पांच पदाधिकारीयों का पदस्थापन जिला पदाधिकारी के पद पर करने सम्बन्धी पूर्व के निर्णय को अमल में लाने हेतु सम्बन्धित को निदेश देने की कृपा की जाय।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

(सुशील कुमार)
महासचिव

(सुरेश कुमार शर्मा)
अध्यक्ष